## सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य नहीं हुआ पूरा, ग्रामीणों में रोष

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** महवा शाह समाज महुवा के अधूर पडे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग को लेकर समुदाय के लोगों ने नगर पालिका के जेईएन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होने बताया कि मम्मू कॉलोनी में तत्कालीन विधायक ओमप्रकाश हुडला के समय में यहां



सामुदायिक भवन की घोषणा की गई थी। उसके बाद निर्माण कार्य भी शुरू हो गया। लेकिन अभी तक एक वर्ष हो जाने के बाद भी कार्य अपूर्ण पडा हुआ है। सामुदायिक भवन में छत, जीना सहित अन्य कई कार्य अधूरे है। इससे लोगो में आक्रोश व्याप्त है। इस मौके पर एपीएस टीम प्रमुख एवं समाज सेवी एफ आर शाह,शाह समाजअध्यक्ष गबरुदीन, शाहरुख हुडला, हाजी शब्बीर, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में कलक्टर ने किया औपचारिक भ्रमण

**मॉर्निंग न्यूज @ सोडावास।** कृषि विज्ञान केंद्र, गूंता के प्रांगण में अलवर जिले के जिलाधिकारी कल्पना अग्रवाल का औपचारिक भ्रमण कार्यक्रम हुआ। जहां केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर सुशील कुमार शर्मा द्वारा उनका स्वागत किया गया तथा



किसानों के हित के लिए कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जिला कलेक्टर को अवगत कराया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त वैज्ञानिक बानसूर तहसील के एसडीएम अनुराग हरित एवं तहसीलदार राजेश जोशी सहित और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## राज्य पुरस्कार रोवर अवॉर्ड जांच शिविर के लिए 12 रोवर्स का चयन

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्वतंत्र रोवर क्रू स्थानीय संघ बांदीकुई जिला दौसा के 12 रोवर्स का राज्य पुरस्कार रोवर अवॉर्ड जाँच शिविर हेतु चयन किया गया। हिमालय वुड बैज योग्यताधारी रोवर स्काउट लीडर राकेश कुमार मेहरा निहालपुरा ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 नवंबर से 28 नवंबर 2024 तक मंडल स्तरीय राज्य पुरस्कार रोवर अवॉर्ड अनुशंसा शिविर हेतु रोवर्स का चयन हुआ जो कि



ग्रुप के लिए गर्व की बात है। अनुशंसा शिविर में रोवर अमरदीप कंधारे, संजय जाटव, खेमराज सैनी, राकेश प्रजापत, विजेन्द्र कुमार सैनी, कुलदीप सिंह गुर्जर, दीपक बैरवा, संजय प्रजापत, अरूण कुमार बैरवा आदि का चयन किया गया। ग्रुप लीडर देवेन्द्र सिंह गुर्जर एंव स्थानीय संघ सचिव गोवर्धन लाल गुप्ता और प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर अंजना त्यागी आदि ने चयनित रोवर्स को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** सरगरा समाज राष्ट्रीय नारी शक्ती संगठन द्वारा द्वितीय युवक युवती परिचय का सम्मेलन अहमदाबाद की धरा पर 29 दिसंबर 2024 को साबरबत्ती में आयोजित होने जा रहा है। राजस्थान युवा मिडिया प्रभारी भरत गेहलोत ने बताया कि समाज की इस मुहीम में साथ दे और समाज के इस पुनीत कार्य में सहयोगी बने ताकी समाज के बच्चों के लिए उनके माता पिता को को रिश्तों के लिए अच्छा परिवार अच्छा घर मिल सके समाज में जागृति आए समाज का विकास हो और समाज की बेटियों को सम्मान मिले।

# श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण-सुदामा का प्रसंग सुनकर श्रोता हुए भाव-विभोर

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** राम झरोखा मैदान सिरोही में सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की भावना को प्रगट करते हुए संगीतमय श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा में बुधवार को भगवान श्री कृष्ण-सुदामा का प्रसंग सुनाया गया।

इस दौरान श्रद्धालुओं की ओर से जयकारे लगाते हुए पुष्प वर्षा भी की गई। कथा वाचक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री दिव्य मोरारी बापू जी महारा ने श्रद्धालुओं को कथा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है। द्वारपाल के मुख से पूछत दीनदयाल के धाम, बतावत आपन नाम सुदामा सुनते



ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने राजमहल के द्वार पर पहुंच गए। यह सब देख वहां लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े दौड़े चले आए। बचपन के मित्र को गले लगाकर भगवान श्रीकृष्ण उन्हें राजमहल के अंदर ले गए और अपने सिंहासन पर बैठाकर स्वयं अपने हाथों से उनके पांव पखारे।

कहाकि सुदामा से भगवान ने मित्रता का धर्म निभाया और दुनिया के सामने यह संदेश दिया कि जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। राजा हो या रंक मित्रता में सभी समान हैं और इसमें कोई भेदभाव नहीं होता। कथावाचक ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण सरल शब्दों में वर्णन किया कि उपस्थित लोग भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से ही व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। इस दौरान उन्होंने नवयुग सवारने की कथा, श्रीमद भागवत का सार सहित अन्य कथाओं के बारे में विस्तार से श्रद्धालुओं को बताया।

## कब-बुलबुल उत्सव का शुभारंभ

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय अलवर के तत्वाधान में कब- बुलबुल उत्सव 27 नवंबर से 29 नवंबर तक का शुभारंभ गिरीश गुप्ता अध्यक्ष जिला इंडियन स्काउट गाइड फेलोशिप के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रमोद कुमार शर्मा, शिवनंदन चौधरी, अनूप सिंह रहे। कल्पना शर्मा सीओ गाइड ने बताया कि तीन दिवसीय कब-बुलबुल उत्सव में 5 से 10 वर्ष की आयु के 150 कब-बुलबुल भिवाड़ी, तिजारा, लक्ष्मणगढ़, मुंडावर, बानसूर, थानागाजी, बहरोड, अलवर, कठूमर, रामगढ़ परिक्षेत्र से भाग ले रहे हैं। उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिता एडवेंचर गतिविधि संस्कृति कार्यक्रम होंगे। उत्सव का संचालन जमालुद्दीन खान एवं राजेंद्र सिंह कर रहे हैं।

## मिल्क-डे पर गोष्ठी व पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई**

नारायणपुर क्षेत्र में नेशनल मिल्क डे के अवसर पर एक गोष्ठी व पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पशुपालकों को डेयरी उद्योग की महत्वता और दूध उत्पादन में नवीन तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया।

साथ ही शिविर में बड़ी संख्या में पशुओं का निशुल्क उपचार और परामर्श प्रदान किया गया। गोष्ठी में नेशनल मिल्क डे मनाने का उद्देश्य बताते हुए उपनिदेशक डॉ. नंद राम मीना ने कहा कि यह दिन श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती पर मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि दूध उत्पादन में सुधार और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पशुपालकों को सही प्रबंधन और संतुलित आहार की जानकारी होना आवश्यक है।

इस अवसर पर डॉ. अंकित कुमार सेठी ने पशुओं के पोषण और प्रजनन स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला। डॉ. अशोक शर्मा ने पशुओं में बीमारियों की पहचान और उपचार के बारे में बताया। कार्यक्रम में योगेश सैनी ने डेयरी प्रबंधन में युवाओं की भागीदारी और सरकारी योजनाओं के लाभ उठाने की अपील की।

शिविर में पशुपालकों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं।

आयोजन में महिला पशुपालकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और उन्होंने इस प्रयास की सराहना की।

## 'शीतकालीन अवकाश पर स्थिति हो स्पष्ट'

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत ने राज्य के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर को ज्ञापन भेजकर शिविरा पंचागनुसार 25 दिसम्बर से 5 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश में अर्द्धवार्षिक एवं प्रतियोगी परीक्षा कराने की घोषणा पर संगठन ने नाराजगी जताकर स्थिति को स्पष्ट करने की मांग की। पिछले कई वर्षों से अर्द्धवार्षिक परीक्षा 12 से 24 दिसम्बर तक आयोजित होती आई है, लेकिन इस बार राज्य समान परीक्षा व्यवस्था में फेरबदल कर 17 से प्रारम्भ होकर 27 दिसम्बर तक आयोजित करने व वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 28 से 31 दिसम्बर तक आयोजित करने की घोषणा पर शिक्षकों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है।

## पटवारी के दफ्तर में नहीं आने से ग्रामीण परेशान

**मॉर्निंग न्यूज @ पोसालिया/सिरोही।** मोरली पंचायत के लोग इन दिनों पटवारी से परेशान हैं, क्यों की पटवारी अपने दफ्तर में नहीं आने से ग्रामीण पटवार भवन के चक्कर काटने को मजबूर हैं। राज्य सरकार के निर्देश के बाद भी मोरली पटवारी गायत्री अवहेलना करती नजर आ रहीं आ रहीं।

पटवारी गायत्री कुमारी द्वारा कार्यालय पर नहीं रहने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा एवं साथ ही सरकारी कामकाज भी बाधित होते हैं। इधर लोगों का कहना है कि पटवार घर में जब भी आते हैं तब ताला लगा रहता है। वहीं बार-बार पटवारी के लिए चक्कर काटने से धन के साथ समय की भी बर्बादी होती हैं।



वहीं लोगों ने भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी मनोहर सिंह देवड़ा को फोन कर बताया कि सभी पंचायत के पटवारी जन आधार से खाता लिंक कर रहे हैं जबकि हमारे पटवारी ना तो कोई सूचना दे रहा हैं और ना हीं दफ्तर में मौजूद हैं।

मनोहर सिंह देवड़ा ने पटवारी गायत्री कुमारी से फोन पर बात की तो बताया कि पंचायत हेडक्वार्टर में मधुमक्खियां बैठी हैं इससे वहां पर बैठना नामुमकिन है। देवड़ा ने बताया कि कल से नीमच ड्यूटी पर आना पंचायत में व्यवस्था करवा दी जाएगी जिससे आम जन को परेशानी नहीं होगी। इससे पूर्व भी कई बार पटवारी की शिकायत प्राप्त हुई है देवड़ा ने लोगों को आस्वस्थ किया कि अगर कल से ड्यूटी पर नहीं आए तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गौभक्त संजय सिंह पहलवान का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**मॉर्निंग न्यूज @ सोडावास।** सोडावास, शामदा गेट, तेजपुरा, जीवनसिंहपुरा, आलनपुर गावों में अखंड बाल ब्रह्मचारी, 13 विश्व रिकॉर्ड धारी गौभक्त संजय सिंह पहलवान का सोडावास की राठभूमि पर आने पर ग्रामीणों ने जगह-जगह फूल माला पहनाकर, डीजे बजाकर सम्मान किया। आपको बता दें अखंड बाल ब्रह्मचारी संजय सिंह पहलवान चुडला गांव में भी आ चुके हैं। उत्तर प्रदेश का पहला पंचगव्य चिकित्सा महासम्मेलन, व्रंदाबन फोगला आश्रम में आयोजित किया गया था। 22 नवंबर से 24 नवंबर तक यह कार्यक्रम चला। इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र बन रहे अखंड बाल ब्रह्मचारी 13 विश्व रिकॉर्ड धारी गौ भक्त संजय सिंह पहलवान जो पूरे विश्व में देसी टार्जन के नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने अलवर से लेकर राम मंदिर अयोध्या धाम तक 151000 सपाटे लगाकर 13वां विश्व रिकॉर्ड समर्पित किया था। सभी देशवासियों को व आप सभी को जानकर आश्चरित होगा देसी



टार्जन एवं संजय पहलवान पिछले 18 वर्षों से केवल गौ माता का गोमूत्र दूध एवं पंचगव्य का ही सेवन करते हैं और कभी जब गोमूत्र दूध और पंचगव्य उपलब्ध नहीं हो पाता तो वह पेड़ की फल पत्तियां जंगल की जड़ी बूटी एवं फल फ्रूट खाकर अपनी दिनचर्या चलाते हैं। इन्होंने उत्तराखंड एवं हिमाचल के जंगलों में अपने 16 साल व्यतीत किए हैं। अपने गुरु गोपाल मणि महाराज व अचार्य आर्य नरेश के गुरुकुल में रहकर भी शिक्षा प्राप्त की है। आपको बता दे गौ भक्त संजय पहलवान एवं देसी टार्जन यूं तो मूल निवासी गांव कुशक बडोली पलवल हरियाणा निवासी है। लेकिन संजय सिंह पहलवान एवं देसी टार्जन राजस्थान को अपनी कर्मभूमि मानता है।

इन्होंने राजस्थान में हजारों कॉलेज स्कूलों में विद्यार्थियों को निशुल्क योग व्यायाम सपाटे दंड बैठक एवं ब्रह्मचर्य चरित्र की शिक्षा दी है। वैसे नौजवानों को ब्रह्मचर्य चरित्र, राष्ट्रभक्ति और गौ भक्ति, योग, व्यायाम शुद्ध सात्विक शाकाहारी भोजन से जोड़ने के लिए व आधुनिक दौर में सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहते हैं। उनके सोशल मीडिया अकाउंट से एक मिलियन से ज्यादा फॉलोअर जुड़े हुए हैं। उनकी तमाम दिनचर्या उपलब्धियां और व्यवहार को देखते हुए कांचीपुरम चेन्नई गुरुकुल के संस्थापक विश्व विख्यात पंचगव्य निरंजन वर्मा ने और उनके परम शिष्य पंचगव्य डॉक्टर रणवीर यादव ने गौ भक्त संजय पहलवान एवं देसी टार्जन को पंचगव्य डॉक्टर की उपाधि से सम्मानित किया गया है। इसी उपलब्धि को मध्य नजर रखते हुए खुश होकर गौ भक्त संजय पहलवान एवं देसी टार्जन का सोडावास क्षेत्र में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महेश पहलवान सिराधना सुंदरपुरा, समाजसेवी बलराम चंदेला एडवोकेट आलनपुर, लक्ष्मी नारायण मास्टर ऊर्फ लखन बख्तावर पटेल, हरलाल मेघवाल,कैलाश रैया राम स्वरूप छावडी, अनिल शर्मा सोडावास, अजीत पहलवान जीवनसिंहपुरा, महेश पहलवन भगूं का बास, अशोक खटौटि, ऋषभ पहलवान तेजपुरा, महेश पहलवान सुंदरपुरा, राजू चंदेला, महेंद्र चंदेला, विक्रम फौजी, राजवीर चौहान अनुप यादव, मोनू जाट, यजस देव, चरणजीत सोनी, संजय पटेल, राजेश चंदेला सभी मौजूद रहे।

## सेवा परमो धर्म के तहत आंखों का फोलो अप शिविर

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही/शिवरंज।** सेवा परमो धर्म द्वारा गत 17 नवम्बर को आंखों का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें 425 मरीजों की आंखों की चिकित्सा की गई थी, जिसमें से 48 मरीजों की आंखों के मोतियाबिन्द का नि:शुल्क ऑपरेशन किया गया था। इन सबके सफल ऑपरेशन के बाद पुन: जांच करने हेतु फॉलो अप शिविर रखा गया था। जिसमें ऑपरेशन किये गये सभी मरीजों की आंखों की पुन: जाँच की गई उन्हें उचित दवाई व देखरेख की जानकारियां दी गई। इसके लिये तारा संस्थान उदयपुर के डॉक्टर्स आँखों की पुन: जांच करने के लिये शिवगंज आये। सभी मरीजों को वापिस शिवगंज बुलाया गया था।


## NAME CHANGE

I Have Changed My Name From Bharat Gelani To Bharat Galani.For All Future Purposes Add.112-B Kanwar Nagar chandi Ki Taksal Jaipur Raj 302002

We Are Changed Our Son Name From Ivyaan To Ivyaan Saini. All Future Purposes Father-Ishant Saini Mother-Ankita Saini.Add: 606-A Barkat Nagar Tonk Phatak Jaipur Rajasthan

I Have Changed My Name From Bhivraj To Bhivraj Rankawat. For All Future Purposes Shastri Nagar Ward No.15 Ratangarh Churu Rajasthan 331022

We Are Changed Our Daughter Name From Aqeena Bano To Mariyam. For All Purposes Father- Mohammed Ali. Mother- Afsana Bano. Add- Beswa Teh. Fatehpur Shekhawati Sikar Rajasthan 332303

I Have Changed My Name Shagfta To Shagufta Ahmed R/O 26, Gali 6, 22 Godam, Jaipur Rajasthan

I Have Changed My Name Mohammed Farhaan Abdul Razaque To Farhan Abdul Razaque R/O 182, Dhanna Das Ki Bagichi, Adarsh Nagar, Jaipur Rajasthan

I Have Change My Name From Kishan Singh To Kishan Singh Shekhawat R/O Ward No.1, Jodhpura Teh- Udaipurwati, Jodhpura, Neem Ka Thana Raj


## पृष्ठ एक का शेष...

### प्रदेश की...

में 1100 से ज्यादा वोटर नहीं होंगे। आयोग ने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को ही प्रगणक नियुक्त करने को कहा है। पंचायतों में प्रशासक लगने पर सरपंच और वार्ड पंच नहीं रहते। पंचायत के सारे अधिकार प्रशासक के पास ही रहते हैं। जो विकास के काम सरपंच स्तर पर होते थे, वे प्रशासक मंजूर करता है

**पंचायतों में भी वार्डों का परिसीमन करवाने पर विचार :** पंचायतीराज और शहरी निकायों के चुनाव 5 साल में करवाने की कानूनी बाध्यता है। विशेष परिस्थितियों में ही इसे टालने का प्रावधान है। इसके लिए भी सुप्रीम कोर्ट तक जाना होता है। कोरोना के वक्त भी चुनाव टालने के लिए सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। सरकार ने पिछले दिनों शहरी निकायों के वार्डों के परिसीमन का फैसला किया। वार्ड परिसीमन के कारण चुनाव आगे टालने का आधार मिल गया। पंचायतों के चुनाव आगे खिसकाने के लिए भी पंचायतों के वार्डों का फिर से सीमांकन करवाने का आधार हो सकता है। ऐसे में पंचायतों के वार्ड परिसीमन पर भी कानूनी राय ली जा रही है।

**पंजाब मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की वजह से अड़चनें :** पिछले दिनों पंजाब में निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की वजह से राजस्थान में भी लंबे समय तक चुनाव टालने में दिक्कतें आ सकती हैं। सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अध्ययन करवा रही है। इसके लिए कानूनी जानकारों से राय ली जा रही है। एडवोकेट जनरल से भी राय ली गई है।

### निकाय-पंचायतों...

एजेंडे का बहाना बना रही है। बीजेपी सरकार अपनी हार के डर से निकायों और पंचायतों के चुनाव नहीं करवाना चाहती प्रदेश के अनेक नगर निकायों का कार्यकाल पूरा होने में अभी एक साल और इससे ज्यादा का समय बाकी है। तब तक राज्य सरकार कार्यकाल पूरा कर चुके नगर निकायों में नगर निगमों को कलेक्टर, नगर परिषदों को एडीएम और नगर पालिकाओं को एसडीएम स्तर के अफसरों के भरोसे चलाना चाहती है। सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने वाला है।

### मुख्यमंत्री...

**घाटोल विधानसभा क्षेत्र रहा सबसे फिसड्डी :** सदस्य बनाने के लिहाज से घाटोल विधानसभा सीट सबसे फिसड्डी साबित हुई है। यह 200वें नंबर पर है। यहां मात्र 6,815 सदस्य बने हैं। 199वें नंबर पर बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र में 7,426 सदस्य बने हैं। 198वें नंबर पर थानागाजी विधानसभा क्षेत्र है, जहां 8,294 सदस्य बने हैं। 197वें नंबर पर डेगाना विधानसभा सीट में 8,939 सदस्य बने हैं। 196वें नंबर पर राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र है, जहां 9,811 सदस्य बने हैं।

### ख्वाजा साहब...

हिस्टॉरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव का हवाला दिया गया है। इस किताब में जज ने मौजूदा इमारत में 75 फीट ऊंचे बुलंद दरवाजे के निर्माण में मंदिर के मलबे के अंश बताए थे। इसमें एक तहखाना या गर्भगृह है, जिसमें शिवलिंग बताया गया था। किताब के अनुसार यहां ब्राह्मण परिवार पूजा-अर्चना करता था। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने बताया कि आप अजमेर दरगाह के आसपास घूमेंगे तो देखेंगे कि बुलंद दरवाजे पर हिन्दू परंपरा की नक्काशी की गई है। वहीं, जहां शिव मंदिर होता है, वहां झरना, पेड़ आदि जरूर होते हैं। पानी वहां जरूर होता है। ऐसे में पुरातत्व विभाग से भी अपील की है कि वे यहां जांच करें।

### दिल्ली के...

के संबंध में भी सबूत पेश किए गए हैं। याचिका में दरगाह परिसर का एएसआई से सर्वे कराने की अपील की है। साथ ही मध्यप्रदेश में धार के भोजशाला, बनारस और अन्य जगहों का उदाहरण भी दिया गया है। याचिका में दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मंत्रालय और पुरातत्व विभाग को पक्षकार बनाया गया है। दरगाह कमेटी ने क्षेत्र में किए गए निर्माण को अवैध बताते हुए कब्जे हटाने और मंदिर में पूजा अर्चना का अधिकार दिलाने की मांग की गई है। हिंदू सेना की तरफ से एडवोकेट रामस्वरूप बिश्नोई और ईश्वर सिंह ने बहस की।

### प्लेन में यात्री...

मिनट के आसपास फ्लाइट में मौजूद एक यात्री को घबराहट गबराहट महसूस होने लगी। इसके बाद फ्लाइट में मौजूद स्टाफ ने यात्री को प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन इसके बाद भी यात्री की तबीयत सही नहीं हुई। इस पर मेडिकल इमरजेंसी की जानकारी स्टाफ और पायलट ने जयपुर एयर ट्रैफिक कंट्रोल को दी। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजकर 23 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। यहां यात्री को उतारा गया। एयरपोर्ट पर ही मेडिकल जांच कर उसे जयपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### अडाणी मुद्दे...

(करीब 2200 करोड़ रुपए) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे थे। इस पर बुधवार को अडाणी ग्रुप ने साफ किया है कि चेयरमैन गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी और सीनियर एग्जीक्यूटिव विनीत जैन पर अमेरिका में रिश्वत से जुड़े कोई आरोप नहीं हैं।

### डमी छात्र से...

वर्तमान में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अरणाय (जालोर) में जीव विज्ञान (जूलॉजी) का लेक्चरर है। गुडामालानी (बाड़मेर) निवासी स्वरूपा राम को गिरफ्तार किया है। वह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, जाखड़ों की ढाणी, धोरीमन्ना (बाड़मेर) में पीटीआई है। सांचौर के गांव धानता निवासी भारमल राम और दांतीवास, भीनमाल (जालोर) निवासी लादूराम को गिरफ्तार किया। भारमल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुडा (सांचौर) और लादूराम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, वनानी भीलों, गुडामालानी (बाड़मेर) में पीटीआई के पद पर कार्यरत है। एसओजी के अनुसार राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित शारीरिक शिक्षक सीधी भर्ती-2022 की परीक्षा में धांधली को लेकर स्वरूपा राम, भारमल और लादूराम के खिलाफ शिकायत मिली थी। इसमें बताया गया था कि ये लोग गलत चीजों का इस्तेमाल कर परीक्षा में पास हुए और नौकरी ली है।